रुड़की के कॉलेज में पकड़े नकलची, एक केंद्र निरस्त

विधि पाठ्यक्रम और बीफार्मा व बीटेक की सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान कार्रवाई

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई हैं। पहले ही दिन रुड़की के आईपीएस लॉ कॉलेज में विधि पाठ्यक्रमों और आईटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज में बीफार्मा व बीटेक पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा के दौरान खुली नकल होती पाई गई।

विवि के उड़नदस्ते ने दोनों परीक्षा केंद्रों से चार नकलचियों को पकड़ा। इसके बाद एक केंद्र निरस्त कर दूसरे पर जांच बैठा दी। उड़नदस्ता ने प्रथम पाली में जब आईपीएस लॉ कालेज में छापा मारा तो बीएएलएलबी के दो और एलएलबी का एक परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया। उड़नदस्ता आते देख कॉलेज में सभी इधर-उधर भागने लगे थे। दूसरी ओर आईटीआर कॉलेज में बीफार्मा का एक छात्र नकल करते पकड़ा गया। जबकि, दूसरी पाली में ओम बॉयो साइंस फार्मेसी कॉलेज में फार्मेसी का एक छात्र नकल करते हुए पकड़ा गया। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया, आईपीएस लॉ कालेज के परीक्षा केंद्र को निरस्त कर दिया गया है ।और यहां के छात्रों का 12 दिसंबर से परीक्षा केंद्र बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज होगा। संवाद